तापमान
अधिकतम 30 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार 25 सितंबर 2025

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

13 हर घर तक स्वच्छ पानी का सपना अब होगा साकार

14 बेमौसम बारिश से अर्ली वैरायटी के धान व सब्जी फसल खराब


कंपोजिट बिल्डिंग में अधिकारियों और कर्मचारियों की अनदेखी से दिनभर चलता है मोटरपंप

# कभी झेल रहे थे जल संकट, पानी मिला तो दुरुपयोग शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

एक समय था जब कम्पोजिट बिल्डिंग में कर्मचारियों को पानी संकट से जूझना पड़ रहा था। बाथरूम में भी पानी नहीं रहता था। अब जब कर्मचारियों को भरपूर पानी मिलने लगा है तो उन्होंने दुरूपयोग शुरू कर दिया है। दुरूपयोग इतना ज्यादा है कि दिनभर मोटरपंप चालू रहता है और नाली में पानी बहता रहता है।

कम्पोजिट बिल्डिंग में करीब 20 से ज्यादा सरकारी कार्यालय हैं। लंबे समय तक यहां के सरकारी कर्मचारी पानी संकट झेल रहे थे। पहले यहां पर जिला न्यायालय संचालित होता था। इसी न्यायालय भवन के बोर से यहां सप्लाई होती थी। बोर में पानी कम था, जिसके चलते काफी कम पानी मिलता था। मोटर पंप भी आए दिन खराब होता था। इसके बाद कम्पोजिट बिल्डिंग के सामने गार्डन में नया बोर खनन किया गया। इसी बोर से अब कंपोजिट बिल्डिंग में भरपूर मात्रा में पानी की सप्लाई हो रही है। भरपूर पानी मिलने के बाद कम्पोजिट बिल्डिंग के कर्मचारियों की लापरवाही भी शुरू हो गई है। स्थिति यह है कि बिल्डिंग के चारों ओर से पाइप के जरिए पानी नाली में बहता रहता है। फ्लश और नलों को बंद नहीं किए जाने के कारण छत में लगी टंकी पांच से दस मिनट में ही खाली हो जाती है। इस टंकी में पानी भरा रखने के लिए दिन भर मोटर चालू रखा जाता है। कर्मचारी सुबह आफिस आते ही मोटर चालू कर देते हैं, जो शाम तक चालू रहता है।




### एक टोटी नहीं लगवा पाए अधिकारी

प्रथम तल के महिला प्रसाधन में मात्र फ्लश में एक टोटी लगानी है, लेकिन टोटी लगाना तो दूर इस फ्लश का कनेक्शन ही बंद नहीं किया गया है। टंकी से सीधा कनेक्शन होने के करण पानी दिनभर बहता रहता है। यही नहीं अन्य शौचालयों में भी यही स्थिति है। जहां कर्मचारी फ्लश और नल को खुला ही छोड़ देते हैं। जिसके चलते बिल्डिंग के चारों ओर पानी बहता रहता है।

### बिल्डिंग को पहुंच रहा नुकसान

लगातार मोटरपंप चलने से छत पर लगी टंकिया भी छलकने लगती है, जिससे पानी छत पर बहता है। वहां से पानी छत में ही बनी नाली के जरिए नीचे बहता है। स्थिति यह है कि बिल्डिंग में चारों ओर नमी बनी रहती है, जिसके चलते भवन को भी नुकसान पहुंच रहा है। भवन में कई स्थानों पर पेड़ पौधे भी उग आए हैं। इन पेड़ पौधों को नहीं हटाए जाने से बिल्डिंग को नुकसान पहुंच रहा है।

### जल जगार से नहीं ली सीख

लोगों को जल संरक्षण और संवर्धन का पाठ पढ़ाने के लिए जिलास्तर पर जल जगार का भव्य कार्यक्रम हुआ। इसमें सभी सरकारी विभागों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। जल जगार जैसे जागरूकता अभियान से आम नागरिक तो कुछ हद तक जागरूक हो गए हैं, लेकिन जागरूकता पाठ पढ़ाने वाले सरकारी अधिकारी और कर्मचारी ही जल संरक्षण को भूल गए हैं। कम्पोजिट बिल्डिंग में पानी का दुरूपयोग इसका नमूना है।

# गंगरेल बांध के कैचमेंट एरिया में हो रही अच्छी बारिश

- अंचल में झमाझम बारिश, बांध में करीब 28 टीएमसी पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गंगरेल बांध के कैचमेंट एरिया में अच्छी बारिश हो रही है। अधिकारी गंगरेल बांध की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। वैसे अभी बांध के गेट खुलने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। बांध में करीब 28 टीएमसी पानी है। अभी बांध में 4 टीएमसी और पानी भरा जा सकता है।

अंतिम समय में मानसून मेहरबान है। अंचल में सुबह से ही झमाझम बारिश हो रही है। गंगरेल बांध के कैचमेंट एरिया में भी बारिश का दौर चल रहा है। शाम 7 बजे की स्थिति में गंगरेल बांध में 6900 क्यूसेक पानी की आवक हो रही थी। बारिश की स्थिति को देखते हुए अधिकारी पल-पल की खबर रखे हुए हैं। रात में अच्छी बारिश होती है तो बांध में पानी की आवक भी बढ़ जाएगी। मुरुमसिल्ली बांध लबालब हो चुका है। यहां 735 क्यूसेक पानी की आवक हो रही है, जबकि 319 क्यूसेक डिस्चार्ज किया जा रहा है। दुधावा बांध में 6.859 और सोंढूर बांध में 5.319 टीएमसी पानी भरा हुआ है।



### गंगरेल बांध के दो गेट से डिस्चार्ज

गंगरेल बांध के 14 रेडियल गेट में से गेट नम्बर 7 और 8 को खोलकर पानी डिस्चार्ज किया जा रहा है। निस्तारी और सिंचाई के लिए यहां से 4820 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। जानकारी के अनुसार गंगरेल बांध का अधिकतम जलस्तर 348.70 मीटर है। जलस्तर 347.48 मीटर पर है। यहां पर अभी 1 मीटर से ज्यादा जगह खाली है।

### कम्प्यूटर हार्डवेयर और सुरक्षा गार्ड का मिलेगा प्रशिक्षण

धमतरी। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाईवलीहुड कॉलेज में फील्ड टेक्निशियन एंड कम्प्यूटिंग पेरीफेरल (कम्प्यूटर हार्डवेयर) और सुरक्षा गार्ड का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। कम्प्यूटर हार्डवेयर के लिए 12वीं पास और सुरक्षा गार्ड प्रशिक्षण के लिए 8वीं पास तथा 18 से 45 साल तक की आयु के अभ्यर्थी 3 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## नवरात्रि विशेष



### तृतीय : चंद्रघंटा

मां दुर्गा का तीसरा शक्ति स्वरुप है चंद्रघंटा। नवरात्रि के तीसरे दिन मां के इसी रुप का पूजन होता है। माता का यह रुप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इसी से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का वर्ण सोने के समान है। उनके दस हाथ हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी पूजा से भक्तों में वीरता, निर्भयता और विनम्रता आती है। नवरात्रि के तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व माना जाता है। हमें मन-वचन-कर्म और काया की विधि विधान के अनुसार पवित्र करके ही मां की पूजा करनी चाहिए। इससे संसार के सारे कष्ट मिटते हैं और साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीसरे नवरात्र को भक्त का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं की प्राप्ति होती है। विविध प्रकार की ध्वनियां सुनाई देती है। मां की कृपा से सारे पाप और संकट दूर होते हैं। इनके घंटे की आवाज प्रेत बाधाओं से सदा भक्तों की रक्षा करती है। मां चंद्रघंटा के भक्त जहां भी जाते हैं। उन्हें देखकर अन्य व्यक्ति सुख और शांति का अनुभव करते हैं। मां अपने आशीर्वाद से भक्तों को सदैव शुभफल देने वाली है। माता के इस रुप की आराधना का मंत्र इस प्रकार है।

पिंडजप्रवरारुढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते महाचंद्रघंटेति विश्रुता ॥

## खबर संक्षेप

### सांकरा में कबड्डी स्पर्धा आज

**सांकरा।** नवरात्रि पर श्री नंदेश्वर कबड्डी क्लब सांकरा द्वारा अंतरराज्यीय दो दिवसीय डे नाइट कबड्डी प्रतियोगिता पुराना गौठान हाईस्कूल के सामने 24 और 25 सितंबर को रखी गई है। हरियाणा व जबलपुर की टीम भी शामिल है। प्रथम पुरस्कार 41000 एवं ट्रॉफी द्वितीय पुरस्कार 21000 एवं ट्रॉफी, तृतीय पुरस्कार 11000 एवं ट्रॉफी, चौथा पुरस्कार 5100 एवं ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।

### निःशुल्क कोचिंग 1 अक्टूबर से

**धमतरी।** एक अक्टूबर से कक्षा 9वीं से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों को ओरेकल पब्लिक स्कूल धमतरी में निःशुल्क कोचिंग दी जायेगी। यह कोचिंग केवल अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों के लिए ही रहेगी। पंजीयन की अंतिम तिथि 30 सितंबर है।


# मां अंगारमोती मंदिर पहुंचा दंतैल हाथी

- ट्रस्ट द्वारा वालंटियर तैनात कर की जा रही निगरानी, श्रद्धालुओं को किया जा रहा अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी


रात में दंतैल हाथी मां अंगारमोती मंदिर के गेट तक पहुंच गया। हाथी ने किसी को नुकसान नहीं पहुंचाया और चिंघाड़ते हुए लौट गया लेकिन मंदिर तक हाथी के पहुंचने से वहां दुकानदार और श्रद्धालुओं में हड़कंप मच गया। उधर सुरक्षा की दृष्टि से मंदिर प्रशासन द्वारा 20 वालंटियर की टीम तैनात की गई है। साउंड सिस्टम से मुनादी कर श्रद्धालुओं को अलर्ट भी किया जा रहा है।

पिछले कई दिनों से गंगरेल बांध क्षेत्र में एक दंतैल हाथी विचरण कर रहा है। यह हाथी डांगीमाचा, तुमराबहार, बोरिदखुर्द, सोरम, गंगरेल के जंगल में घूम रहा है। मंगलवार रात करीब 9.20 बजे यह हाथी गंगरेल बांध के तट पर स्थित मां अंगारमोती मंदिर के गेट तक पहुंच गया। उल्लेखनीय है कि नवरात्रि होने के कारण रात तक मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है। दुकानें भी खुली रहती हैं। ऐसे में हाथी के आने से वहां मौजूद श्रद्धालु और दुकानदारों में हड़कंच मच गया। हाथी की चिंघाड़ सुनकर सभी अलर्ट हो गए। हालांकि हाथी ने किसी को नुकसान नहीं पहुंचाया और जोरदार चिंघाड़ लगाते हुए जंगल की ओर लौट गया। जब हाथी मंदिर तक पहुंचा तो वहां पर वन विभाग का कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था। मिली जानकारी के अनुसार हाथी की निगरानी के लिए वन विभाग की दो टीम तैनात की गई है। हाथी जब मंदिर के पास था, तब टीम डांगीमांचा की ओर थी। हाथी किसानों की फसल को काफी नुकसान पहुंचा रहा है।



### सुरक्षा के लिए 20 वालंटियर जुटे

मां अंगारमोती मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष जेएल मरई ने बताया कि मां अंगारमोती के आशीर्वाद से हाथी अंदर नहीं आया। ट्रस्ट द्वारा मां अंगारमोती परिसर की सुरक्षा के लिए 20 वालंटियर तैनात किया गया है। वालंटियर की सजगता का ही परिणाम है जो हाथी मंदिर परिसर में प्रवेश नहीं कर पाया। वालंटियर हर 10 मिनट में हाथी का लोकेशन अपडेट कर रहे हैं। आने वाले श्रद्धालुओं को सूचित किया जा रहा है। साउंड सिस्टम से दूर-दूर तक लोगों को अलर्ट किया जा रहा है।

लीला देवी कॉलेज ऑफ नर्सिंग एण्ड फार्मेसी
• बी एससी नर्सिंग*  • डी फार्मेसी*
प्रस्तावित सत्र 2025-26 हेतु

विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा
सर्वोत्तम खेल परिसर एवं सुविधाएं
छात्रावास एवं परिवहन सुविधा
अत्यधिक सुसज्जित प्रयोगशालाएं
5000 पुस्तकों से युक्त समृद्ध पुस्तकालय
हरा और हाईटेक परिसर
योग्य एवं अनुभवी संकाय
108 बिस्तरों वाला पेरेंट हॉस्पिटल
मुख्य परिसर
लीलास नॉलेज पार्क, ब्लॉक - ए, बी, सी, ग्रेटर रायपुर, मोतीपुर, तह.-पाटन, जिला-दुर्ग
सिटी परिसर
लीलास फाउंडेशन फॉर एजुकेशन एंड हेल्थ, मुखर्जी हॉस्टल के पीछे संस्थागत क्षेत्र, गवर्नमेंट साइंस कॉलेज, रायपुर
91318 80895, 97706 60186, 70241 25200

जिला अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को मिलेगी राहत

# एक्सरे मशीन की सुधरेगी सेहत, मिला सीआर सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिला अस्पताल को नया स्माल डिजिटल सीआर सिस्टम मिला है। सिस्टम के इंस्टाल होते ही मरीजों को फिर से डिजिटल एक्सरे मिलने लगेगा।

जिला अस्पताल के एक्सरे विभाग में पूर्व में मेन्युअल तरीके से मरीजों का एक्सरे लिया जाता है। मेन्युअल एक्सरे में समय व मेहनत ज्यादा लगती थी। वहीं मेन्युअल एक्सरे में क्लियरिटी नहीं हो पाती थी। दूसरे दिन ही मरीज को एक्सरे की फिल्म मिल पाती थी। शासन ने समय के साथ अस्पतालों को आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराया जिसमें एक्सरे का डिजिटलीकरण किया गया। जिला अस्पताल को अफ्फो कंपनी के बिग साइज की डिजिटल मशीन उपलब्ध कराई गई जिसकी लागत 40-45 लाख रूपए थी। इसी के साथ जिला अस्पताल का एक्सरे विभाग डिजिटल पर कार्य करना शुरु किया। डिजिटल एक्सरे में समय व मेहनत की बचत के साथ फिल्म भी स्पष्ट मिलने लगी। दोपहर तक मरीज को उसका एक्सरे दे दिया जाता था। लगभग 6 माह पहले मशीन में खराबी आ जाने से डिजिटल एक्सरे बंद हो गया। अस्पताल प्रबंधन द्वारा मशीन को सुधारने का प्रयास किया, लेकिन मरम्मत नहीं हो सकी। आखिर में मशीन को कंडम घोषित कर दिया। मशीन के खराब हो जाने पर एक्सरे विभाग फिर से पुरानी मेन्युअल पद्धति पर कार्य करने लगा। इस पद्धति से मरीजों के शरीर के हाथ पैर जैसे चुनिन्दा अंगों का ही एक्सरे हो रहा था। अन्य अंगों के एक्सरे के लिए मरीजों को भटकना पड़ रहा था। ⏩ शेष पेज 12 पर



### जल्द ही शुरू कर दिया जायेगा

सिविल सर्जन डा. अरूण टोण्डर ने बताया कि डिजिटल एक्सरे के लिए मशीन आ गई है। कंपनी के इंजीनियर द्वारा इंस्टाल कर जल्द ही इसे शुरु कर दिया जायेगा। मशीन के शुरु होने के साथ मरीजों को पहले की तरह डिजिटल एक्सरे की फिल्म मिलने लगेगी।

बच्चों के स्वास्थ्य व शिक्षा पर पड़ रहा प्रतिकूल प्रभाव, अधिकारी ने कहा : नए भवन के लिए प्रस्ताव भेजा गया है

# कसपुर में खपरैलनुमा मकान के बरामदे में चल रही आंगनबाड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

राज्य शासन द्वारा बाल विकास के क्षेत्र में व्यापक कदम उठाते हुए प्रदेशभर में आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थापना की गई है, ताकि 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों को पोषण, स्वास्थ्य सेवाएं और पूर्व प्राथमिक शिक्षा प्रदान की जा सके। इसके लिए शासन द्वारा करोड़ों रुपये का बजट स्वीकृत कर गांवों में आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण कराया गया है। किन्तु नगरी विकासखंड मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत कसपुर के डीही पारा में आंगनबाड़ी केंद्र आज भी दयनीय स्थिति में संचालित हो रहा है। यहां पर विभाग का स्थायी भवन नहीं होने के कारण केंद्र एक खपरैलनुमा कच्चे मकान के बरामदे में चल रहा है।


कच्चे मकान में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र।


असुरक्षित बच्चे।


निर्माण के केवल 8 वर्षों में ही जर्जर हो गया भवन।

यहां के स्थानीय सरपंच ने बताया कि वर्ष 2015 में बने भवन की गुणवत्ता बेहद खराब होने के कारण वर्ष 2023 तक जर्जर हो गया और अब पूरी तरह अनुपयोगी है। नई भवन की स्वीकृति के लिए शासन को कई बार प्रस्ताव भेजा गया है, पर अभी तक मंजूरी नहीं मिली है। बच्चों को बारिश, सर्दी व गर्मी के मौसम में अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उनके स्वास्थ्य व शिक्षा दोनों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

इस संबंध में बाल विकास परियोजना अधिकारी सोमेंद्र साहू ने बताया कि कसपुर के डीहीपारा में आंगनबाड़ी केंद्र के नए भवन के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि स्वीकृति मिलते ही नए भवन का निर्माण कार्य तत्काल शुरू किया जाएगा और केंद्र को व्यवस्थित भवन में स्थानांतरित किया जाएगा। ग्रामीणों ने शासन से मांग की है कि बच्चों के भविष्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शीघ्रता से नए भवन की स्वीकृति दी जाए।

# अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांकरा

सिहावा पुलिस ने आरोपी से शराब बनाने के उपकरण, ड्रम और नगदी रकम सहित कुल 4700 रूपये जप्त किया।

थाना सिहावा को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम कोरमुड़पारा सांकरा में एक व्यक्ति अपने घर के परछी में हाथ भट्टी से बनी कच्ची महुआ शराब की अवैध रूप से बिक्री कर रहा है। सूचना पर थाना सिहावा पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। नाम-पता पूछने पर उसने अपना नाम लक्ष्मीनाथ ध्रुव पिता लीलाम्बर ध्रुव उम्र 36 वर्ष निवासी कोरमुडपारा वार्ड क्रमांक 15 ग्राम सांकरा थाना सिहावा बताया।

■ सिहावा पुलिस ने की कार्रवाई

आरोपी से 1 सफेद प्लास्टिक जरकीन (10 लीटर क्षमता) में कच्ची महुआ शराब 10 लीटर, 2 सफेद प्लास्टिक जरकीन (5-5 लीटर क्षमता) में कच्ची महुआ शराब 10 लीटर कुल कच्ची महुआ शराब 20 लीटर (कीमत लगभग 4,000 रूपये), 4 छोटा नीला ड्रम (महुआ पाश से भरा हुआ) शराब बनाने के उपकरण 3 नग स्टील गिलास, बिक्री रकम 720 रूपये नगद जब्त की। आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) (क), 34(1) (च), 34 (2), 59 (क) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।



पं. कामता प्रसाद के भजनों ने जमाया माहौल

# विद्युत वितरण केंद्र में श्रद्धा से मनी विश्वकर्मा जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

छग राज्य विद्युत वितरण केंद्र नगरी में विश्वकर्मा जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा की विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना कर स्थापना की गई। पूजा-अर्चना के दौरान पूरे परिसर में धार्मिक वातावरण निर्मित हो गया और श्रद्धालु भक्ति भाव में लीन दिखाई दिए। रात्रि में नगरी बिजली ऑफिस प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रसिद्ध भजन गायक पं. कामता प्रसाद शरण की प्रस्तुति हुई जिन्होंने अपनी मधुर वाणी से जनसमूह को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। मौके पर विद्युत विभाग नगरी के सहायक अभियंता रमेश बिसेन, कनिष्ठ अभियंता मनोहर वर्मा, पंकज उदय, ओगेन्द्र मरकाम, जिटकू रामकश्यप, राधेश्याम ठाकुर, अश्वनी साहू, आसुलाल नेताम, नवीन साहू, अश्वनी ठाकुर, चंद्रहास नेताम, तेजेन्द्र, वैष्णव, बंटी नेताम, हरिशंकर काशिव, छबिलाल, कुंदन, तामेश, अनीश सोम, गुलाब, जितेंद्र सेन, नागेंद्र साहू, रमाकांत ठाकुर, टिकेश नेताम, लोकेश साहू, टेशूधर कश्यप, राहुल साहू सहित विद्युत विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। नपं अध्यक्ष बलजीतसिंह छाबड़ा ने आभार व्यक्त करते हुए भगवान विश्वकर्मा से क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।



# सेवा पखवाड़ा में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान

■ यह पहल समाज में नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार करेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर चल रहे सेवा पखवाड़ा अंतर्गत सिहावा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर पर्यटन भवन सिहावा में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं और सिहावा विधानसभा क्षेत्र के रक्तवीरों ने रक्तदान कर समाजसेवा की अनूठी मिसाल पेश की।



कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, जिपं अध्यक्ष अरुण सार्वा, पूर्व विधायक पिंकी शाह, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, जिपं सभापति अजय ध्रुव, सिहावा विस संयोजक नागेन्द्र शुक्ला, नपं अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा एवं भाजपा बेलरगांव मंडल अध्यक्ष मनोहरदास मानिकपुर ने किया। भाजपा नेताओं ने कहा कि रक्तदान महादान है और यह सेवा का सर्वोच्च कार्य है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद मरीज की जान बचा सकता है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में चल रहे सेवा पखवाड़ा के माध्यम से देशभर में रक्तदान, स्वच्छता, पौधरोपण, स्वास्थ्य शिविर और सेवा से जुड़ी अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। आगे कहा कि यह पहल समाज में नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार करेगी। सेवा, समर्पण और त्याग की इस अनूठी मिसाल ने सिहावा क्षेत्र में मानवता का उज्ज्वल संदेश दिया है।

इस दौरान भाजपा जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष विकल गुप्ता, पूर्व जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम, बेलर मंडल महामंत्री दीपक साहू, महेंद्र नेताम, सिरसिदा सरपंच नरसिंह मरकाम, बबलू गुप्ता, बल्लू सेन, खेमन साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## देवपुर डीजे डांस स्पर्धा 2 को

**नगरी।** नवदुर्गा एवं विजयादशमी महोत्सव पर ग्राम देवपुर (सिहावा) में समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 2 अक्टूबर को राज्यस्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। सामूहिक नृत्य में प्रथम पुरस्कार 11,101 रुपए, युगल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 7,001 रुपए, एकल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 5,001 रुपए है। प्रवेश शुल्क सामूहिक में 200 रुपए, युगल में 150 और एकल में 100 रुपए निर्धारित है। आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष खेमेंद्र साहू, कोषाध्यक्ष फलेन्द्र निषाद, सचिव दीनानाथ नेताम समेत आयोजन समिति के सदस्य जुटे हैं।

# स्कूल काम्प्लेक्स के क्रियान्वयन पर हुई चर्चा

■ 17 स्कूल की शाला प्रबंधन समिति के 70 सदस्य बैठक में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

छग में अभी स्कूल काम्प्लेक्स योजना को विधिवत लागू नहीं किया गया है, लेकिन भविष्य में इसे बहुत जल्दी लागू करने की योजना एवं रणनीति बन रही है। नई शिक्षा नीति की अनुशंसानुरूप गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए यह आवश्यक भी है कि संकुल को ज्यादा अधिकार देते हुए शिक्षा का गुणवत्तापूर्ण विकेंद्रीकरण किया जाए। नई शिक्षा नीति में संकुल प्राचार्य को गुणवत्ता की पूरी जिम्मेदारी दी जाएगी। इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखकर सिंगपुर संकुल के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने अभिनव पहल करते हुए सिंगपुर संकुल के अंतर्गत सत्रह प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूल के एसएमसी सदस्यों के साथ बैठक करने का निर्णय लिया। संकुल प्राचार्य डॉ व्ही पी.चन्द्रा, व्याख्याता कल्याण कौशल एवं जितेंद्र ग्वाल ने कहा कि स्कूल के बेहतर संचालन के उद्देश्य से समिति का गठन किया गया है। समिति अपने अधिकार एवं दायित्वों को भली भांति समझे। विद्यालय में उपलब्ध भौतिक संसाधन का सदुपयोग एवं संसाधनों की पूर्ति करना भी समिति के दायित्व क्षेत्र में है। सदस्यों को बताया गया कि समिति का काम केवल मासिक बैठक में उपस्थित होना नहीं है बल्कि विद्यालय संचालन की पूरी जिम्मेदारी समिति की है। बच्चों की नियमित एवं सतत उपस्थिति सुनिश्चित कराने का दायित्व भी समिति का है।



मौके पर प्रीतम यादव, बिसाहिनबाई, पार्वती कौशल, चुनेश्वरी कंवर, रामरतन ध्रुव, हुसैन खान, आनन्दराम, कमलेश्वरी यादव, रायसिंह कमार, सहाबाई मरकाम, पिंकीबाई नेताम, नरेश मरकाम, महादेव, प्रीतम यादव, प्रमिला डहरिया, जगबाई समेत अन्य उपस्थित थे। सभी सदस्यों ने बैठक में ही संकल्प लिया कि वे गांव जाकर आम पालकों के साथ विद्यालय विकास हेतु बैठक आयोजित कर योजना एवं रणनीति का निर्माण करेंगे।

# ममता अध्यक्ष, सचिव गोविंद बनाए गए

■ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन नगरी ब्लॉक का हुआ चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ब्लॉक संगठन नगरी का निर्वाचन बीटीआई प्रांगण नगरी में हुआ। निर्वाचन अधिकारी भेषेज कुमार साहू थे। मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष दौलत राम ध्रुव थे। पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष एसबी मिर्जा ने अतिथियों का स्वागत कया। पूर्व कार्यकारिणी को भंग करते हुए नई कार्यकारिणी का गठन किया। जिला अध्यक्ष श्री ध्रुव ने नगरी ब्लॉक में शिक्षकों की एकता और शांतिपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया की प्रशंसा की। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सभी पदाधिकारियों का मनोनयन निर्विघ्न रूप से न हुआ और मतदान की आवश्यकता नहीं पड़ी।

ब्लॉक संरक्षक एसबी मिर्जा, ब्लॉक अध्यक्ष ममता प्रजापति उपाध्यक्ष (चार जोन), प्रकाश चंद्र साहू, भरत सिंह ठगेल, दीपक पारिकर, सचिव गोविंद निषाद, संगठन मंत्री गजानंद सोन, कोषाध्यक्ष चंपेश्वर साहू , सहसचिव कमलेश चंद्राकर, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष शशि कला बैरागी बनाए गए। कार्यक्रम का संचालन गजानंद सोन एवं हुलेश सूर्याकर ने किया। पूर्व सचिव गजानंद सोन ने आभार व्यक्त किया। मौके पर टिकेश्वर साहू, अनिल साहू, श्रीमती छनीता, चंद्रकुमारी नवरंगे, हरीश निर्मलकर, देवीराम निषाद, दीपक साहू, बसंत साहू, गोविंदराम साहू, कुमारी साहू, हरिश्चंद्र कश्यप सहित अन्य उपस्थित थे।

सिविल अस्पताल में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित हुआ

# शिविर में 71 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच हुई

■ प्रारंभिक जांच में 16 मरीजों में कैंसर की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत सिविल अस्पताल नगरी में बालको कैंसर विशेषज्ञ अस्पताल रायपुर के सहयोग से विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 71 मरीजों की जांच की गई। इनमें से 26 मरीज (5 पुरुष व 21 महिलाएं) कैंसर की संभावना वाले केस के रूप में चयनित हुए। प्रारंभिक जांच में 16 मरीजों (3 पुरुष व 13 महिलाएं) में कैंसर की आशंका पाई गई है। इनमें 2 बच्चे चिरायु कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल किए गए हैं। शिविर में एक पुराने मरीज का भी फॉलोअप किया गया।



कार्यक्रम के दौरान ऐसे अनेक मरीज पहुंचे, जो अब तक आर्थिक कठिनाइयों या दूरी के कारण जांच नहीं करा पा रहे थे। सभी चयनित मरीजों को परामर्श प्रदान किया गया। उन्हें आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा की जानकारी दी गई। इस अवसर पर विकासखंड स्तर पर 16 मरीजों के नियमित फॉलोअप की रणनीति भी तय की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ सिविल अस्पताल नगरी की महिला चिकित्सक डॉ. दीप्ति सोरी, डॉ. अनुप्रिया भोई, बीएमओ डॉ. एके नेताम, बीपीएम हितेन्द्र साहू, डॉ. श्रीकांत चंद्राकर बालको अस्पताल रायपुर की ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. हेमलता एवं अस्पताल प्रबंधक मृदुल की उपस्थिति में हुआ। बीएमओ डॉ. अरुण नेताम ने बताया कि जिले में इस तरह का विशेष शिविर पहली बार आयोजित हुआ है।

बीपीएम हितेन्द्र साहू ने कहा कि आगामी दिनों में इस तरह के शिविरों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर भी आयोजित करने की योजना है ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके और समय रहते कैंसर जैसी गंभीर बीमारी का उपचार निःशुल्क उपलब्ध कराया जा सके।

## निधन

### प्रेमबती सेन

**धमतरी।** ग्राम लिमतरा निवासी प्रेमबती सेन 82 वर्ष का निधन हो गया। वे कोमल सेन की मां एवं लोमेश कुमार, राकेश, घनश्याम एवं उमेश सेन की दादी थीं। उनके दाह संस्कार में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



## अंचल की खबरें

### बकली में जगराता आयोजन 26 को



**सिर्री।** ग्राम बकली के नवजागरण दुर्गोत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से बाजार चौक में मां दुर्गा की प्रतिमा की स्थापना की गई है। प्रतिदिन पूजा-अर्चना की जा रही है। 26 सितंबर को कालरात्रि स्वरांजलि जगराता डांस ग्रुप खुरखुल अर्जुन्दा बालोद की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी नीलाम्बर साहू, भीषम, प्रीतम साहू, घनश्याम साहू, धनीराम साहू ने दी।

### स्वयंभू सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में 113 आस्था ज्योति प्रज्ज्वलित

**नगरी।** ग्राम पंचायत बरबांधा स्थित स्वयंभू सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में रविवार को विशेष धार्मिक आयोजन हुआ। इस अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा 113 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए गए। दीपों की लौ से पूरा मंदिर प्रांगण दिव्य आभा से आलोकित हो उठा। बरबांधा, भुरसीडोंगरी, आमगांव, घुरावड़, जैतपुरी, अमाली और सिंगनपुर सहित आसपास के अनेक गांवों से श्रद्धालु बड़ी संख्या में दर्शन हेतु पहुंचे। यह स्थान क्षेत्रवासियों की आस्था का प्रमुख केंद्र माना जाता है। मंदिर प्रांगण में गणेश भगवान के साथ-साथ विश्वकर्मा मंदिर, राधाकृष्ण मंदिर तथा भगवान शिव का विशेष मंदिर भी स्थापित है। इन सभी मंदिरों में प्रतिदिन दर्शनार्थियों की भीड़ बनी रहती है। समिति अध्यक्ष रमेश नेताम ने बताया कि मंदिरों का संचालन समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। श्रद्धालुओं की सेवा और सुविधा के लिए ग्रामीण लगातार योगदान दे रहे हैं। क्षेत्रवासियों का मानना है कि ऐसे आयोजन से समाज में आस्था, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

### महाश्वेता स्कूल में तिमाही परीक्षा जारी



**बगदेही(धमतरी)।** महाश्वेता उमावि थुहा में तिमाही परीक्षा 20 सितंबर से प्रारंभ हो गई है। 27 सितंबर को अंतिम पर्चा होगा। सभी कक्षा में 75 या अधिक प्रतिशत लाने वाले बच्चों को स्कूल बैग दिया जाएगा। अन्य उत्तीर्ण बच्चों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में पेन दिया जाएगा।

### सिलौटी स्कूल में मना हाथ धुलाई दिवस



**कोर्रा(भखारा)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलौटी में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत हाथ धुलाई दिवस मनाया गया। प्रभारी प्राचार्य बी. पदमा राजेश ने छात्रों व शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वच्छ हाथ स्वस्थ जीवन की कुंजी है। प्रतिदिन भोजन से पहले, भोजन के बाद, शौचालय के उपयोग के बाद एवं खेलकूद के पश्चात हाथ धोने की आदत बनाएं। व्याख्याता चम्पेश्वर साहू ने छात्रों को सही तरीके व समय पर हाथ धोने के सात चरण विधि से अभ्यास कराया। मौके पर एसके जैन, वायके सेन, एसके ध्रुव, एनआर साहू, रानी साहू, एनके साहू, एचके साहू समेत छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### स्वच्छता हमारी जीवनशैली का हिस्सा होनी चाहिए : डॉ. वेरूलकर



**मगरलोड।** सेवा पखवाड़ा अंतर्गत यशवंत राव मेघावले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड परिसर में स्वच्छता विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता हुई। छात्रों ने स्वच्छता के महत्व पर रचनात्मक पोस्टर प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की शुरुआत परिसर में स्वच्छता अभियान से की गई। प्राचार्य डॉ. प्रभा वेरूलकर, प्राध्यापकगण, एनएसएस स्वयंसेवक, रेडक्रॉस सदस्य एवं छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संकल्प लिया। डॉ. वेरूलकर ने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि यह जीवनशैली का हिस्सा होना चाहिए। हर विद्यार्थी को स्वच्छता को आदत के रूप में अपनाना चाहिए। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एवं रेडक्रॉस प्रभारी ने सभी को नियमित रूप से स्वच्छता अभियान में सहयोग करने और समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम तारेंद्र बीएससी तृतीय सेमेस्टर, द्वितीय थमेश बीएससी प्रथम सेमेस्टर तथा तृतीय देविका बीएससी प्रथम सेमेस्टर रहे। अन्य प्रतियोगिता में ममता, वंदना, ज्योति, संदीप कैलाश और रौशनी ने भी भागीदारी निभाई। मौके पर वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक कौसलेश ध्रुव, डॉ. यशोदा साहू, निरूपा साहू, श्रीमती दिव्या देवांगन, डॉ. रमा चंद्राकर, दीपक कश्यप, विनोद कुमार, श्रीमती अनीता साहू, श्रीमती सुशीला साहू, नीरज साहू, सुषमा टंडन, टामन लाल साहू सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

■ सेवा पखवाड़ा पर शासकीय महाविद्यालय में पोस्टर स्पर्धा

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### एक्सरे मशीन की सुधरेगी सेहत, मिला सीआर सिस्टम

लगभग 6 माह के इंतजार के बाद जिला अस्पताल को 12 से 15 लाख कीमत का कोनिका कंपनी का डिजिटल सीआर सिस्टम मिला है। इसमें एक स्कैनर व प्रिंटर है। स्माल होने के कारण सीआर सिस्टम की क्षमता ज्यादा नहीं है। फिर भी मरीजों को बड़ी राहत देगी। सिस्टम के पहुंचने पर कंपनी के इंजीनियर द्वारा एक्सरे सिस्टम को इंस्टाल किया गया, लेकिन कुछ तकनीकी समस्या के कारण अभी पूरी तरह से इंस्टाल नहीं हो पाया है। शीघ्र ही इंस्टाल कर लिया जायेगा।

## अंचल की खबरें

### थुहा में हुई वार्षिक आमसभा



**अंवरी।** सहकारी समिति थुहा में वार्षिक आमसभा रखी गई जिसमें वर्ष 2024 - 2025 का वार्षिक प्रतिवेदन का पठन समिति प्रबंधक नरेश साहू द्वारा किया गया। मौके पर समिति के प्राधिकृत अधिकारी टेमनसिंह बंजारे, शाखा प्रबंधक अशोक साहू, इफ्को कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक लालबहादुर सिंह, पूर्व समिति प्रबंधक भंवरलाल साहू व किसान ढालूराम टंडन, यशवंत, मनमोहन लहरे, नरेंद्र बंजारे व समिति के कर्मचारी उपस्थित थे।

### बिरेतरा स्कूल में निःशुल्क साइकिल वितरित



**धमतरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरेतरा के प्राचार्य गेवाराम नेताम ने बताया कि कक्षा नवमी की एससी, एसटी एवं ओबीसी की कुल 24 पात्र बालिकाओं को साइकिल का वितरण किया गया। मौके पर धनेश्वरी भारत ध्रुव सरपंच,टीकाराम साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति हायर सेकेंडरी स्कूल, मनीष साहू उपसरपंच, नरेंद्र साहू पूर्व अध्यक्ष हायर सेकेंडरी स्कूल समिति, समिति के सदस्य एवं पालकगण उपस्थित थे।

### पीएमश्री सेजेस बठेना में 42 छात्राओं को मिली साइकिल



**धमतरी।** पीएम शरी मेहतरुराम धीवर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बठेना में 42 छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम के अतिथि सांसद प्रतिनिधि नीरज नाहर, विधायक प्रतिनिधि ज्ञानचंद सिन्हा, श्यामलाल नेताम बठेना वार्ड पार्षद, भारती साहू सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड पार्षद, सरस्वती नेताम सदस्य, संस्था प्राचार्य रविन्द्र कुमार साहू एवं साइकल प्रभारी दीपक कुमार साहू थे।

### गोवर्धन व गुंजा अध्यक्ष चुने गए



**धमतरी।** तेलीनसत्ती भानपुरी परिषद क्षेत्र साहू समाज के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सचिव पद के लिए चुनाव हुआ। निर्वाचन अधिकारी धमतरी तहसील अध्यक्ष गोपाल साहू, नंद झरोखा महिला उपाध्यक्ष, मानिक साहू, भुनेश्वरी साहू तहसील उपाध्यक्ष थे। दस गांव के सामाजिक लोगों ने अध्यक्ष, 2 उपाध्यक्ष, 2 संगठन सचिव पुरुष महिला के लिए मतदान हुआ। मतदान के तुरंत बाद मतगणना हुई। गोवर्धन साहू अध्यक्ष, पुनीतराम साहू, उपाध्यक्ष चुने गए। महिला उपाध्यक्ष गुंजा साहू बनी। रेखा साहू व कीर्तन साहू संगठन सचिव चुने गए।

### भजन करूणा भरी मां के पोस्टर का विमोचन



**धमतरी।** नवरात्रि पर भक्ति और श्रद्धा से ओतप्रोत भजन करूणा भरी मां, पुकार सुन लो के पोस्टर का विमोचन महापौर रामू रोहरा ने किया। इस भजन को गायक यशवंत कुमार ने अपनी मधुर आवाज़ दी है । गीत और संगीत भी उन्हीं का है। भक्ति गीत का निर्माण विक्रम यादव और मेघु साहू ने किया है। इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा ने कहा कि भक्ति गीत हमारी संस्कृति और अध्यात्म को जीवंत बनाए रखते हैं। नवरात्रि पर्व पर ऐसा गीत समाज में सकारात्मक ऊर्जा और आस्था का संचार करेगा। कलाकारों को इस दिशा में आगे बढ़ते देख हर्ष की अनुभूति हो रही है भजन की टीम ने बताया कि जल्द ही यह वीडियो गीत श्रद्धालुओं के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा, जो मां दुर्गा की भक्ति में एक नई आध्यात्मिक अनुभूति देगा।

### अज्ञात लिंक, कॉल और मैसेज से रहें सावधान




**धमतरी।** भारतीय स्टेट बैंक एवं छत्तीसगढ़ पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में साइबर सिक्योरिटी अवेयरनेस कैंपेन का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर आयोजित फ्लैग ऑफ सेरेमनी में महापौर रामू रोहरा ने साइबर सतर्कता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। महापौर रामू रोहरा ने कहा कि आज के डिजिटल युग में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में आम नागरिकों को सतर्क रहकर जागरूक बनना जरूरी है। उन्होंने कहा कि बैंक, पुलिस और प्रशासन का यह संयुक्त प्रयास निश्चित रूप से समाज को साइबर अपराधों से बचाने में मददगार साबित होगा। उन्होंने आमजनों से अपील की कि वे अज्ञात लिंक, कॉल और मैसेज से सावधान रहें तथा किसी भी प्रकार की वित्तीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें। इस अवसर पर एसबीआई के अधिकारी, पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### नवनिर्वाचित परिक्षेत्र पदाधिकारियों ने भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष से की मुलाकात

**धमतरी।** नगर पंचायत आमदी परिक्षेत्र तथा रूद्री परिक्षेत्र के साहू समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष से उनके निवास पर मुलाकात की। आमदी परिक्षेत्र से नवनिर्वाचित अध्यक्ष तेजराम साहू ने नए सामाजिक दायित्वों की जानकारी दी, जिस पर श्रीमती साहू ने समाजहित में सतत कार्य करने की बात कहीं। इसी प्रकार रूद्री परिक्षेत्र साहू समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष निरंजन साहू ने परिक्षेत्र सदस्यों के साथ मुलाकात कर गुलदस्ता भेंट कर श्रीमती साहू का सम्मान किया।

---

बड़ी करेली के कार्यक्रम में सीएम ने भखारा और कुरुद के लिए 30 करोड़ की घोषणा की

# हर घर तक स्वच्छ पानी का सपना अब होगा साकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी



लंबे समय से पेयजल संकट से जूझ रहे भखारा-भठेली क्षेत्र के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बड़ी राहत दी है। शहरी पेयजल व्यवस्था को मजबूत बनाने मुख्यमंत्री ने कार्य योजना के लिए राशि स्वीकृत की है। इस निर्णय को यहां के नागरिक एक मील का पत्थर मान रहे हैं। मुख्यमंत्री ने भखारा भठेली नगर पंचायत एवं कुरूद क्षेत्र के लिए भी पेयजल व्यवस्था हेतु राशि स्वीकृत की है। इसी क्रम में डेढ़ करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि भी भखारा भठेली नगर पंचायत को उपलब्ध कराने की घोषणा की गई।

इस अवसर पर नपं अध्यक्ष ने कहा कि भखारा-भठेली की सबसे बड़ी समस्या पेयजल रही है। विधायक अजय चंद्राकर की पहल पर मुख्यमंत्री की यह घोषणा निश्चित रूप से हर घर तक स्वच्छ पानी पहुंचाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। स्थानीय नागरिकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अब हमें पानी के लिए दूर-दराज से पानी ढोने की समस्या से निजात मिलेगी। वाटर हार्वेस्टिंग की दिशा में भी काम करेंगे, क्योंकि आने वाले समय में पानी की समस्या बढ़ती ही रहेगी। हम सबको अभी से सजग होने की अवशयकता है। ज्योति जैन एवं परिषद के आवेदन पर विधायक अजय चंद्राकर ने प्राथमिक संज्ञान लेते हुए पीएचई को प्रोजेक्ट बनाने कहा। इस पर जिलाधीश अबिनाश मिश्रा एवं विभागीय अधिकारी ने अध्यक्ष के साथ स्थल दौरे भी किया। भखारा भठेली में नगर जल प्रदाय योजना का स्रोत सुदृढ़ीकरण एवं पाइप लाइन का विस्तार, स्टोरेज आदि कर जल आपूर्ति व्यवस्था के कार्य हेतु भखारा और कुरुद के लिए 30 करोड़ की कार्य योजना के स्वीकृति हेतु सैद्धांतिक सहमति देते हुए घोषणा की। बड़ी करेली के सार्वजनिक कार्यक्रम में सीएम ने यह घोषणा की। नपं अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षदों तथा भखारा भठेलीवासियों ने अजय चंद्राकर एवं मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# चंद्रभागा बनीं धमतरी शहर तहसील की प्रथम अध्यक्ष



- सभी पदों का निर्विरोध निर्वाचन सामाजिक एकता का परिचायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

तहसील साहू समाज शहर के प्रमुख पदों पर निर्वाचन हुआ। तहसील अध्यक्ष चंद्रभागा साहू, उपाध्यक्ष पुरुष डॉ. रामकुमार साहू, उपाध्यक्ष महिला भगवती साहू, संगठन सचिव पुरुष रामेश्वर साहू, संगठन सचिव महिला निर्मला साहू निर्विरोध निर्वाचित हुए। जिले के इतिहास में किसी तहसील में पहली बार महिला अध्यक्ष चुनी गई है।

इस अवसर पर चंद्रभागा साहू ने बताया कि मेरा प्रथम उद्देश्य साहू समाज को और भी अधिक संगठित करना है। समाज के वरिष्ठजनों एवं पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में समाज की शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार, युवा उत्थान, नारी सशक्तिकरण, सामाजिक विकृतियों के उन्मूलन पर कार्य करूंगी।

निर्वाचन अधिकारी जिलाध्यक्ष अवनेन्द्र साहू, उपाध्यक्षद्वय तोरणलाल साहू, केकती साहू, सचिव लीलाराम साहू ने बताया कि तहसील साहू समाज शहर धमतरी में पहली बार कोई महिला अध्यक्ष निर्वाचित हुई है। यह सामाजिक एकता व प्रगति, नारी सशक्तिकरण के लिए सकारात्मक संदेश है। मौके पर यशवंत कुमार साहू महासचिव जिला साहू संघ, गोवर्धन साहू, नंदकुमार साहू, ललित चौधरी, डॉ गीताराम साहू, रूपेंद्र गंजीर, नीलकंठ साहू, केशव साहू, रोहित कुमार साहू, गोपीकिशन साहू संरक्षक, विजय गौतम, भागेश हिरवानी, देवेंद्र कुमार साहू, पीतांबर साहू, लालाराम साहू, ललित कुमार साहू, मदन साहू, अनिल साहू, कुलेश्वरी साहू, हीराबाई साहू, निर्मला साहू, अशोक साहू समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

# केरेगांव-गट्टासिल्ली मार्ग जर्जर 35 गांवों के हजारों लोग परेशान

### ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से तत्काल सड़क के डामरीकरण की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम केरेगांव से गट्टासिल्ली-बिरगुड़ी तक की सड़क जर्जर हो गई है। करोड़ों की लागत से निर्मित यह जर्जर सड़क ग्रामीणों के लिए मुसीबत का सबब बन चुकी है।

यह मार्ग ज़ोराडबरी, तालपारा, सराईटोला, घोटगांव, गोविंदपुर, नेगीनाला, आमदी, सांकरा, चिवर्री, करैहा, सारंगपुरी, खैरभर्री, गोंदलानाला, बगरुमनाला, केकराखोली, आरमुडा, कुम्हड़ाकोट समेत 35 से अधिक गांवों को जोड़ता है। इन गांवों के हजारों लोगों को रोजमर्रा के कामकाज, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए इसी मार्ग से गुजरना पड़ता है। एक दो फीट गहरे गड्ढों में पानी भर जाने से यहां दुर्घटनाओं का खतरा कई गुना बढ़ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग पर कई हादसे हो रहे हैं।

स्कूल और कॉलेज के छात्र-छात्राएं, शिक्षक, महिलाएं और बुजुर्ग रोजाना जान जोखिम में डालकर यात्रा करने को मजबूर हैं यह सड़क सिहावा और गट्टासिल्ली को केरेगांव के रास्ते धमतरी और ओडिशा से जोड़ती है। ग्रामीण चन्द्रभान साहू, पुरुषोत्तम मरकाम और सूरज प्रजापति ने बताया कि लोग कीचड़, गड्ढों और बारिश से जूझते हुए रोजाना इस मार्ग पर सफर करते हैं। बावजूद इसके प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की चुप्पी लोगों के आक्रोश को बढ़ा रही है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से इस सड़क का तत्काल डामरीकरण करने की मांग की है।

बिजली बिल में हुए भारी बढ़ोतरी को लेकर कांग्रेस नेता ने सरकार को घेरा

# गरीब आदमी दो वक्त की रोटी जुगाड़े या बिजली बिल पटाये : नीलम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व जिला पंचायत सदस्य नीलम चंद्राकर ने बिजली बिल में हुई भारी बढ़ोतरी को लेकर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय सरकार का स्मार्ट मीटर जनता की जेब से अप्रत्याशित टैक्स वसूलने का पर्याय बन चुका है। उनका आरोप है कि साय सरकार को अभी पौने दो साल ही हुए हैं और लगातार बिजली दर बढ़ा रही है। कोयला हमारा है, हमारे खेत-खलिहान खोदे जा रहे हैं, फिर भी छत्तीसगढ़ के लोगों को महंगी बिजली क्यों दी जा रही है। श्री चंद्राकर ने कहा कि सत्ता में आने के बाद साय सरकार ने दावा किया था कि स्मार्ट मीटर से सटीक बिल मिलेगा और उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली मिलेगी लेकिन वास्तविकता इससे उलट है। स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं को अपेक्षा से कहीं अधिक बिजली बिल का झटका लग रहा है। जुलाई तक जिन घरों का बिल 200 से 300 रुपये आता था, वहां अब 1500 रुपये से ज्यादा का बिल आ रहा है। उन्होंने कहा कि मजदूरी कर रोज 200–300 रुपये कमाने वाले मेहनतकश लोगों की आधी से ज्यादा कमाई अब बिजली बिल में जा रही है। इससे लोगों का घरेलू बजट पूरी तरह गड़बड़ा गया है और हर परिवार बिल देखकर हैरान व परेशान है। गरीब आदमी बिजली बिल जमा करे या दो वक्त की रोटी जुगाड़ करें। भाजपा सरकार उद्योगपतियों की सरकार है और इन्हें लाभ पहुंचाने के लिए हद से भी गुजर सकती है। गरीब के हक मार कर उद्योगपतियों की जेब भर रही है। आगे कहा कि कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार में 400 यूनिट तक हाफ बिजली बिल का लाभ मिल रहा था लेकिन भाजपा सरकार में लगातार बिजली बिल में बढ़ोतरी करने की कवायद चल रही है।

# बेतहाशा बिजली बिल को लेकर 3 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट का घेराव



- छत्तीसगढ़ किसान यूनियन की बैठक में हुआ निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

छत्तीसगढ़ किसान यूनियन की बैठक जिला अस्पताल धमतरी के सामने नेहरू गार्डन में आयोजित की गई जिसमें सभी किसानों ने सामूहिक रूप से बेतहाशा बिजली बिल पर चर्चा की। घनाराम साहू जिला अध्यक्ष ने बताया कि खाद, दवाई, सिलेंडर के दाम में काफी वृद्धि हुई है और अचानक बिजली बिल 3 गुना से चार गुना बढ़कर आया हुआ है जिससे लोगों की कमर टूटने लगी है। घर परिवार का बजट बिगड़ने लगा है। संगठन ने किसान मजदूरों को बिजली बिल नहीं पटाने का निर्णय लिया है। आगामी 3 अक्टूबर को बेतहाशा बिजली बिल को लेकर छत्तीसगढ़ किसान यूनियन ने कलेक्ट्रेट घेराव करने का निर्णय लिया है। आगामी बिजली बिल में सुधार नहीं आएगा तो सिहावा चौक में चक्काजाम किया जाएगा। मौके पर महावीर साहू महासचिव, सुदर्शन ठाकुर कोषाध्यक्ष, रामनिहोरा निषाद उपाध्यक्ष, मोतीलाल यदु, महिपाल साहू, दीनदयाल साहू, राम निहोरा निषाद, रघुनाथ साहू, जितेंद्र कुमार, पवन कुमार, पूरन साहू, प्रेमलाल, ओमप्रकाश साहू, मेहतर राम बया, कुशल साहू मौजूद थे।

# बरारी का सीताफल बाजार पहुंचा हाथोंहाथ खरीद रहे ग्राहक

- बरारी के हर घर में सीताफल का पेड़, विटामिन से भरपूर है यह फल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

सीताफल के लिए प्रसिद्ध ग्राम बरारी से सीता फल की आवक शुरू हो गई है। अक्टूबर माह में अक्सर उपलब्ध होने वाला यह फल इस साल सितम्बर माह में आने लगा है। रूद्री रोड स्थित लक्ष्मी निवास चौक के पास सीताफल को लोग हाथोंहाथ खरीद रहे हैं। बरारी की महिला त्रिवेणी बाई, सुरूति बाई ने बताया कि इस सीताफल की फसल पखवाड़े भर पहले आने लगी है। बरारी के हर घर में सीताफल का वृक्ष है। यहां के फल की मांग रायपुर, दुर्ग जैसे शहर में खूब होती है। इसकी साइज बड़ी होने के साथ स्वाद भी लजीज होता है। उन्होंने बताया कि 100 से 300 रूपये तक प्रति टोकरी इसकी कीमत है।



#### निकल जाएगा दिवाली खर्च

सीताफल बेचने वाली लक्ष्मी मंडावी, दूजबाई साहू, सरस्वती कुंजाम बताती हैं कि बरारी में सीताफल का वृक्ष घरोंघर है। गांव के 30 परिवार के लोग स्वयं एवं दूसरे के घरों से सीताफल इकट्ठा कर लक्ष्मी निवास चौक के पास बेचने आते हैं। इससे 30 परिवारों का दिवाली खर्च निकल आता है। उन्होंने बताया कि बरारी का सीताफल नाम ही काफी है। बाहर के लोग भी इसे खरीदने पहुंचते हैं।

#### स्वास्थ्य के लिए लाभदायक

आयुर्वेद के डाक्टर अवध पचौरी ने बताया कि यह सीजनेबल फल है। रंग, रूप और लजीज स्वाद के कारण इसकी पहचान अन्य फलों से विशेष है। इसमें फाइबर प्रचुर मात्रा में पाई जाती है। इसके सेवन से कब्ज के साथ आंतों की सफाई होती है। इसमें कैल्शियम, विटामिन सी, विटामिन बी-6, एंटी आक्सीडेंट पाया जाता है। यह शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करता है। महिलाओं के लिए विशेष लाभदायक है।

### फरसियां स्कूल की 84 छात्राओं को मिली साइकिल

**नगरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फरसियां में निःशुल्क सरस्वती साइकहल योजना के तहत कक्षा नवमीं में अध्ययनरत 84 छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। अतिथि सरपंच केशव टेकाम, उपसरपंच तिलोक साहू, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के पूर्व अध्यक्ष शिवदयाल साहू, स्कूल के लिए भू दानदाता कोमल कश्यप, उत्सव समिति के अध्यक्ष कौशल साहू, उत्सव समिति के उपाध्यक्ष सोमनाथ साहू, प्राचार्य नीरज सोन थे। सरपंच केशव टेकाम ने कहा कि दूरस्थ अंचल की बालिकाओं के लिए यह योजना किसी वरदान से कम नहीं है। सरस्वती साइकिल योजना न केवल छात्राओं को स्कूल तक पहुंचने में मदद की है, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाया है। शिवदयाल ने कहा कि प्रदेश सरकार का संकल्प है कि कोई भी विद्यार्थी केवल साधन के अभाव में शिक्षा से वंचित न रहे।

# श्रद्धालुओं के लिए निगम ने लगाया निःशुल्क चिकित्सा शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी





विंध्यवासिनी मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए निगम की ओर से निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कई लोगों ने इसका लाभ लिया। मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत विंध्यवासिनी मंदिर के सामने स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। आयुक्त प्रिया गोयल एवं उपायुक्त पीसी सार्वा ने शिविर स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने शिविर में मौजूद डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य कर्मियों से चल रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली तथा लाभान्वित नागरिकों से संवाद कर उनके सुझाव भी सुने। शिविर में रक्तचाप, शुगर, बीएमआई, सामान्य स्वास्थ्य जांच सहित विभिन्न रोगों की प्रारंभिक जांच की गई। आयुक्त प्रिया गोयल ने स्वयं भी स्वास्थ्य परीक्षण कराकर योजना की महत्ता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना का उद्देश्य शहरी स्लम क्षेत्र एवं जरूरतमंद नागरिकों को उनके घर-आंगन के नजदीक निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना है। उपायुक्त पीसी सार्वा ने बताया कि नियमित रूप से शहर के अलग-अलग वार्डों एवं बस्तियों में एमएमयू बस द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाए जा रहे हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे इस योजना का लाभ उठाएं।

# बारिश से गरबा महोत्सव प्रभावित, आयोजकों ने व्यवस्था बदली

**धमतरी।** दिनभर हुई बारिश से गरबा महोत्सव का नृत्य प्रभावित हुआ है। खुले मैदान में लाइट डेकोरेशन के बीच होने वाला गरबा नृत्य अब हाल या शेड के नीचे हो रहा है। कुछ आयोजकों ने स्थान भी बदल दिए हैं। नवरंग गरबा के आयोजकों ने बताया कि बुधवार रात का गरबा स्कूल के हाल में हुआ। ढोल बाजे गरबा की आयोजक समिति ने समाज भवन के अंदर शेड में करने की जानकारी दी। अन्य समितियों ने भी सुरक्षित जगह की तलाश में भवन के अंदर या शेड के नीचे गरबा महोत्सव जारी रखने की जानकारी दी है। बारिश अधिक होने से जमीन पूरी तरह गीली हो गई है जिसमें नृत्य करना संभव नहीं है। नृत्य के लिए ठोस और साफ सुधरी जगह की जरूरत पड़ती है। दलदली और गीली जगह में फिसलने, गिरने का डर है। गरबा के सभी आयोजनकर्ता हाल, समाज भवन, स्कूल, सभा भवन आदि में कार्यक्रम आयोजित किए।



#### स्पंज करके पानी निकाला, रोलर चलाकर व्यवस्था बनाई

आराध्य गरबा के आयोजनकर्ता पं. राजेश शर्मा ने बताया कि भारी बारिश से गरबा स्थल पर पानी भर गया था जिसे स्पंज करके रोलर चलाकर सुखाया गया। गरबा प्रतिदिन 8.30 बजे शुरू हो जाता था। बुधवार को यथास्थान पर 9.30 बजे गरबा प्रारंभ हुआ।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

